**Regarding need to start survey and mining of gold in Jamui district, Bihar-laid**

श्री अरुण भारती **(**जमुई**) :** मेरे लोक सभा क्षेत्र जमुई (बिहार) के अंतर्गत आने वाला जमुई जिला एक आकांक्षी जिला है और जमुई जिले के सोनो प्रखंड के करमटिया के जमीन के अंदर देश का 44 प्रतिशत स्वर्ण भंडार मिलने की जानकारी दिसंबर 2021 में केंद्र सरकार के खनिज मंत्री ने संसद में दी थी । जमुई के सोनो प्रखंड इलाके के करमटिया में स्वर्ण भंडार को लेकर जीएसआई के द्वारा कई बार सर्वे कराया गया है जिसमे यह पता चला है कि यहां देश का सबसे बड़ा स्वर्ण भंडार है । लेकिन पूर्व में पुराने तकनीक से जमीन के अंदर से खुदाई कर सोना निकालने में अधिक खर्च होने के कारण यह सर्वेक्षण पिछले कई वर्षो से लंबित है । सोनो प्रखंड और जमुई लोक सभा के नागरिकों को उम्मीद है कि सरकार द्वारा सर्वेक्षण का काम जल्द ही शुरू होगा और अत्याधुनिक वैज्ञानिक तकनीक से करमटिया में सोने के खनन को शुरू किया जा सकेगा जिससे जमुई ही नहीं पूरे देश-प्रदेश को फायदा होगा । मेरा सरकार से निवेदन है कि जमुई में सर्वेक्षण और खनन के कार्य को तत्काल प्रारम्भ किया जाए जिससे न केवल जमुई को विश्व स्तर पर प्रसिद्धि मिलेगी, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा । इसके अलावा क्षेत्र के चँहुमुखी विकास के साथ-साथ आधारभूत संरचना का भी विकास होगा ।